## न्यूज इन शॉर्ट



### तिपान नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन जब्त

अनूपपुर। जैतहरी पुलिस ने सिवनी गांव में तिपान नदी के कछरा घाट से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया है। जहां पुलिस ने वाहन चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि 14 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 एए 5028 मय ट्राली का चालक सचिन राठौर निवासी सिवनी का तिपान नदी कछरा घाट सिवनी में नदी के अंदर लगाकर रेत का चोरी से लोड कर रहा है। सूचना पर बताए गए स्थल पर छापामार कार्रवाई की गई। यहां नदी में लगा ट्रैक्टर ट्रॉली में चालक सचिन राठौर निवासी सिवनी ने वाहन की लाइट देखकर भागने का प्रयास किया और ट्रॉली से ट्रैक्टर को अलग कर जंगल के रास्ते भाग दिया। पुलिस वाहन ने उसका पीछा किया, लेकिन वह जंगल एवं अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। फिर नदी में खडी ट्राली जिसमे आगे पीछे नम्बर लेख नहीं था ट्रॉली में 3 घन मीटर रेत लोड था को जब्त किया। वहीं भागे हुए ट्रैक्टर के आगे पीछे नम्बर एमपी 65 एए 5028 लेख था। पुलिस ने वाहन मालिक सचिन राठौर पिता सीताराम राठौर निवासी सिवनी पर धारा 303(2)बीएनएस 4/21 खान एव खनिज अधिनियम का कायम कर विवेचना में लिया है।

### ऑटो में लगी आग, कारण अज्ञात

कोतमा। कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 गोविंद कॉलरी में रहने वाले अनिल यादव 40 वर्ष की ई-रिक्शा ऑटो में रविवार की सुबह अचानक आग लगने से ऑटो पूरी तरह से जल गई है। आग की सूचना पर अनिल यादव द्वारा अपने गैराज पहुंच कर आसपास के लोगों को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन तेज लपट एवं गर्मी के कारण जल्दी ही ऑटो को अपने चपेट में ले लिया। आग लगने से गाड़ी के कीमती मशीन व पार्ट्स जलकर नष्ट हो गए। लगभग 1 लाख से ज्यादा के नुकसान बताया जा रहा है। घटना की सूचना थाने में दी गई है पुलिस के द्वारा आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### कांग्रेस ने अर्पित की बाबा साहब को श्रद्धांजलि

सीधी। भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज भी बाबा साहेब के विचार समाज के हर तबके को अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने की प्रेरणा देते हैं ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे की शिक्षा देता हो।जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन यह सिखाता है कि शिक्षा और संगठन शक्ति का उपयोग कर कोई भी व्यक्ति समाज की दिशा बदल सकता है। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उक्त अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह, वरिष्ठ नेता विनोद वर्मा, वरिष्ठ पार्षद विनोद मिश्रा, पूर्व संगठन मंत्री सुरेश प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, महामंत्री भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री कुमुदिनी सिंह, महामंत्री ओंकार सिंह, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, अखंड प्रताप सिंह, अरविंद सिंह रोशन, शशिकला द्विवेदी, शीला रानी साकेत, गौरी साकेत, रेखा सिंह, कृतिमा सिंह, सुनील सिंह, जलम मोहम्मद, हफीज लाला भाई, अश्वनी सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### जल समस्या से निपटने गांधी ग्राम में अनुविभागीय अधिकारी ने लगाई चौपाल

घुनघुटी।जिले के पाली तहसील का पहाड़ी गांव ग्रांधी ग्राम मे जल उपलब्ध कराने के लिए अम्बिकेश प्रताप सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पालीएने घुनघुटी ग्राम पंचायत के गांधी ग्राम पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लियाएगांव के विद्यालय में नागरिकों की जन चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनाए और उनसे निदान के लिए भी सुझाव लियाएविदित होवे कि गांधी ग्राम में लगभग 200 लोगों की आबादी निवास करती हैएजिसे हर वर्ष गर्मी के ऋतु में पानी की किल्लत होती हैए विदित होवे कि गत वर्ष भी घुनघुटी से टैंकर व्दारा पानी सप्लाई कर लोगों की प्यास बुझाने का काम किया गया थाएयद्यपि यह आवश्यकता के मान से कम आंका जाता रहा हैएइस वर्ष पानी की किल्लत न हो इसके लिए प्रशासन ने मुस्तैदी के साथ प्रयास शुरू किए हैं। मालूम होवे कि कलेक्टर उमरिया के टी एल की बैठक में कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन ने घुनघुटी ग्राम पंचायत की गांधी ग्राम में पानी की समस्या पर चर्चा की जिस पर अम्बिकेश प्रताप सिंह एस डी एम पालीएकुंअर कन्हाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाली और रवींद्र शुक्ला जन अभियान परिषद के जिला संयोजक ने गांधी ग्राम में पानी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया और उसी कड़ी में विगत दिवस गांधी ग्राम पहुंच कर समस्या से रूबरू हुएएजन चौपाल में एस डी एम ने पहले गांव के लोगों की समस्या सुनीएऔर समाधान के कारणो को समझाएजन चौपाल में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री हिमांशु जयसवाल से जल स्तर की जानकारी ली और हैण्ड पम्प और बोर की स्थिति का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि जहां जरूरत हो पाइप लाइन बढायी जायेएबोर को साफकरा अगर गहराई बढ़ाने से काम चल सकता है तो उस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश प्रसारित किया।

---

### जागरूकता व जांच की जगह यातायात पुलिस दिखा रही जुर्माना कार्रवाई का सर्टिफिकेट

# हर्षवार से अवढैरा लौट रही ऑटो किररघाट में पलटी, पांच घायल


## बरहों बारात कार्यक्रम से ग्रामीण कर रहे थे वापसी, सभी सुरक्षित

**विजय मत, अनूपपुर।**

अनूपपुर-राजेन्द्रग्राम के किररघाट से कुछ दूरी पर 9 अप्रैल को बस और ऑटो भिडंत में तीन यात्रियों की मौत और पांच घायलों के खून का दाग अभी मिटे भी नहीं थे कि 14 अप्रैल को किररघाट के सिद्धबाबा के पास सवारियों से भरी तेज रफ्तार की ऑटो मोड़ पर पलट गई। ऑटो में सवार 8 लोगों में पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे राजेन्द्रग्राम की एम्बुलेंस वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल को खतरे से बाहर बताया गया है। घायलों में दो महिला और तीन पुरूष है। बताया जाता है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के औढेरा गांव के एक परिवार के सदस्य बरहो बारात कार्यक्रम में सम्मिलित होने राजेंद्रगाम थाना के हर्षवाह गांव गया हुआ था, जो सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे वापस औढेरा लौट रहा था। लेकिन किररघाट के







सिद्धबाबा से चंद दूरी मोड पर आते ही आटो क्रमांक एमपी 18 आर 2580 अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ऑटो का तीनों पहिया उपर हो गया और उनमें सवार नीचे दब गए। ऑटो में सवार आठ लोगों में से पांच को चोट आई। घायलों में दम्पत्ति 42 वर्षीय चंद्रवती सिंह गोंड पति सुंदर सिंह गोंड और 45 वर्षीय सुंदर सिंह गोंड पिता स्व. जयलाल गोंड भी शामिल है। इसके अलावा 50 वर्षीय सीताबाई पति भंगीलाल सिंह, 45 वर्षीय मनीराम पिता विधि अगरिया एवं ऑटो चालक 43 वर्षीय मुन्नालाल चौधरी पिता नानदाऊ चौधरी सभी निवासी ग्राम औढेरा हैं। फिलहाल घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। लेकिन लगातार हो रहे किररघाट में हादसों ने जिला व पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। और बढ़े भी क्यों नहीं क्योंकि यातायात के जिम्मेदारों के सामने ही क्षमता से कई गुणा यात्री ऑटो में सवार मौत को चुनौती देते हैं और उनके सामने यातायात और पुलिस आंखें मूंद लेती है।

**हर मौत के बाद यातायात देती कम**

**हादसा और चालानी कार्रवाई का सर्टिफिकेट**

हाल के दिनों में अनूपपुर जिले में सडक़ हादसों में हुई बढोत्तरी और मौत के मामले में यातायात पुलिस अधिकारियों के आंखों में धूल झोंकने चालानी कार्रवाई और हादसों की वार्षिक आंकडे प्रस्तुत कर कार्रवाई का सर्टिफिकेट प्रस्तुत कर रही है। लेकिन यातायात पुलिस इन आंकड़ों को क्यों प्रस्तुत कर रही है यह तो समझ से पड़े हैं, शायद यहां यातायात के जिम्मेदार यह भूल गए हैं कि अगर इतनी मुस्तैदी से चालानी कार्रवाई की जा रही है तो रोजाना इतनी दुर्घटनाएं कैसे हो रही है, ऑटो और बस में क्षमता से अधिक सवारियां कैसे बैठ रही है, बस और ऑटो के फिटनेस इतनी कंडम क्यों हैं? अगर ऑटो पर कार्रवाई हो रही है तो यहां 5 की क्षमता वाले ऑटो में 8 कैसे बैठ गए। 9 अप्रैल को हुए हादसे के बाद 11 शुक्रवार को यातायात के जिम्मेदार ने नोटसीट जारी किया जिसमें बताया कि शराब के नशे, तेज गति से वाहन चलाने के अभियान में 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक 736 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 632500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह आश्चर्य की बात है कि प्रदेश स्तर से जारी रिपोर्ट में 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक जिले में 484 चालानी कार्रवाई करते हुए 217200 रुपए का राजस्व काटा। मात्र तीन दिनों में ही यातायात ने 252 चालानी कार्रवाई कर 415300 रुपए का राजस्व जुर्माना। इतनी कम चालानी कार्रवाई में कई गुणा राजस्व वसूली?

**दिखावा साबित हो रहा बैठकों का दौर**

यातायात व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने जहां जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक ली तो पुलिस अधीक्षक ने स्वयं बस ऑपरेटरों के साथ बातचीत कर सुरक्षित परिवहन के दिशा निर्देश दिए। इसके बाद भी यातायात पुलिस द्वारा बस ऑपरेटरों, ऑटो चालको सहित अन्य वाहन मालिकों के साथ बैठक ली। यहां तक स्कूलों में कई महीनें जागरूकता अभियान चलाए, इस दौरान वेंकटनगर सीमा पर बस हादसा हुआ, फिर बस ऑपरेटरों सहित अन्य की बैठक का सिलसिला चला। फिर किररघाट हादसा हुआ, फिर यातायात पुलिस ने बस, ऑटो चालकों के साथ बैठक ली। यानी सिर्फ बंद कमरे में गोलमोल बातों का दिखावा, सडक़ पर जिम्मेदारियां कुछ और?

# डालाडीह और अकुआ के जंगल में तीन हाथियों ने डाला डेरा, झोपड़ी को पहुंचाया नुकसान

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में पिछले दो सप्ताह से विचरण कर रहे तीन हाथियों का झुंड सोमवार को अनूपपुर वनपरिक्षेत्र के डालाडीह और अकुआ के जंगल में विश्राम कर रहा है। जहां रात के समय फिर उनके मूवमेंट के अनुसार आगे की दिशा और गांव तय हो सकेगी। फिलहाल रविवार को मूवमेंट के दौरान हाथियों के झुंड ने डालाडीह गांव में एक ग्रामीण की झोपड़ी को नुकसान पहुंचाते हुए कुछ किसानों के खेतों में लगी फसल को आहार बनाया गया है। वनविभाग की जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की सीमा लांघते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र में तीनों हाथी मूवमेंट कर रहे हैं। शनिवार की दोपहर ही तीनों हाथी जैतहरी के गोबरी के जंगल से निकल ठेंगरहा होते ग्राम पंचायत पगना के बांका, ग्राम पंचायत दुधमनिया के मैरटोला, ग्राम






पंचायत लखनपुर के जंगल से ग्राम पंचायत औढेरा व अकुआ गांव के जंगल में पहुंचे हैं। जहां रविवार की देर रात जंगल से लगे ग्राम पंचायत बैहार के डालाडीह टोला में पहुंचकर मंगलू पिता फगनू बैगा की झोपड़ीनुमा घर पर अचानक हमला कर तोडफ़ोड़ मचाया और घर के अंदर रखे धान को आहार बनाया। वहीं ग्राम पंचायत औढेरा के अकुआ गांव में जंगल के किनारे स्थित यादव मोहल्ला में रामसेवक यादव के बाड़ी में लगे केला के पेड़ों को अपना आहार बनाते हुए पूरी रात विचरण किया।

**तीन गश्ती दल हाथी पर रखे हैं निगरानी**

हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए जिला प्रशासन और वनविभाग द्वारा निगरानी पर सख्ती बनाए हुए हैं। हाथियों पर निगरानी के लिए वनविभाग ने तीन गश्ती दल बनाए हैं, जो निगरानी के साथ ग्राम पंचायतों एवं वनविभाग द्वारा हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामों में मुनादी एवं अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क कर रहे है।

## पशु तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई 5 नग मवेशी सहित वाहन जब्त

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में पशु तस्करों पर सोमवार को रामनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 नग मवेशी सहित मालक वाहक वाहन सहित कुल 8 लाख 14 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है। वहीं मामले में 2 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि 13 अप्रैल को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि मालवाहक वाहन में कुछ लोग मवेशियो को गुल्लू टोला के पास से ले जा रहे है। मुखबिर कीं सूचना पर वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडसी 3478 को सम्बंधित स्थल पर रोका गया, जहां चालक से पूछताछ में अपना नाम पवन कुमार राव पिता नारायण प्रसाद राव उम्र 25 वर्ष निवासी बाबाटोला बरगवां थाना कोतमा का होना बताया। वाहन की जांच में 2 नग भैंसी कीमत 60 हजार रुपए, 01 नग भेंसा कीमत 45 हजार रुपए एवं 2 नग पड़वा



कीमत 9 हजार रुपए सहित कुल कीमत 1 लाख 14 हजार रूपए को वाहन के ट्राले में जबरन ठूस कर लोड कर परिवहन करना पाया गया। चालक ने बताया कि वाहन में लोड 5 नग भैंस शालेन्द महरा पिता नत्थू लाल महरा उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 झीकबिजुरी थाना जैतपुर शहडोल का है। मवेशियों की कीमत 1 लाख 14 हजार रूपए एवं वाहन की कीमत 7 लाख रूपए कुल कीमत 8 लाख 14 हजार रूपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## ग्राम पंचायत बकेली, रक्शा, कोलमी, पिपरिया तथा जरियारी में ग्राम सभाओं का आयोजन

**विजय मत, अनूपपुर।**

प्रदेश में 14 से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें सोमवार 14 अप्रैल को जिले के बकेली, रक्शा, कोलमी, पिपरिया तथा जरियारी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नहीं किए जाने के लिए जागरूकता, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और आंगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गई।

## इंडोर स्टेडियम, परशुराम भवन सहित कॉम्प्लेक्स निर्माण, परिषद करा रहा विकास

**विजय मत, कोतमा।**

नगर पालिका परिषद के नवगठन के बाद नगर में करोड़ों रुपए के लागत से एक से बढक़र एक गुणवत्ता युक्त एवं जनहित के निर्माण कार्य समय पर किए गए हैं। वहीं इंडोर स्टेडियम, कॉम्प्लेक्स सहित सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त संबंध में अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका ने बताया कि जब से हमारी नई परिषद ने नगर का कार्यभार संभाला है तब से नगर में जनउपयोगी एवं ऐतिहासिक कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से वर्षों से लंबित वार्ड क्रमांक 03 रेलवे स्टेशन चौक पर बहुमंजिला शापिंग कांम्पलेक्स बनाया जा रहा





है। दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 01 में इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही दूसरे पार्ट के लिए तैयारी जारी है। कॉलरी बाहुल्य क्षेत्र वार्ड क्रमांक 13 लहसुई कैंप में परशुराम मंगल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को शादी ब्याह सहित अन्य सामाजिक कार्यों के लिए सर्व सुविधा युक्त भवन उपलब्ध रहेगा। इसी प्रकार बस स्टैंड में दो करोड़ की लागत से शापिंग कांम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। वार्ड क्रमांक 03 पुराना अस्पताल परिसर में शॉपिंग कांपलेक्स का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, इसी प्रकार कई निर्माण कर गुणवत्ता युक्त जनउपयोगी कार्य लगातार नगर में चल रहे हैं। विकास के कार्य के अलावा नगर की साफ सफाई पूरे संभाग में विशेष स्थान पर है। पेयजल और प्रकाश व्यवस्था में कोई कमी नहीं है।

## अपराध

### खनिज विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवाल, भय के साये में जी रहे ग्रामीण

# कोल माफियाओं द्वारा पिपरिया-मझौली की नदी में काले हीरे की खुली लूट!

**विजय मत, अनूपपुर।**

बिजुरी के ग्राम पंचायत मझौली-उमरदा के पिपरिया गांव में इन दिनों फिर से कोल माफियाओं ने क्षत्रप स्थापित करते हुए कोयला उत्खनन का खेल, खेल रहे हैं। यहां नदी की तलहटी से शाम से सुबह तक कोयले की खुदाई की जा रही है और खनिज विभाग मानों आंखें मूंदे बैठा है। कोयला माफिया खुलेआम ट्रैक्टर-ट्रॉली से कोयला निकाल रहे हैं, लेकिन न तो खनिज विभाग की कार्रवाई दिख रही है और न ही पुलिस की। सूत्रों की मानें तो ये वहीं कोल माफियाओं का गिरोह है जो पूर्व में यहां खुदाई करने में नाकाम होने पर बटुरा में कोयला कारोबार आरंभ किया। लेकिन यहां पुलिस की कार्रवाई में मूंद गए गोफ के बाद फिर ये बिजुरी की तरफ रूख किए हैं, जहां अब छत्तीसगढ़ के कुछ माफियाओं के साथ मिलकर चट्टानों को बारूदी विस्फोटों से उड़ाते हुए कोयले का उत्खनन कर







एसइसीएल के माफिक एक अन्य अवैध कोयला खदान बनाने पर उतारू हैं।

**डर के साए में ग्रामीण, मुंह खोलने पर मिलती है धमकियां**

थाने से सुदूर और छत्तीसगढ़ राज्य की सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां कोल माफियाओं की तूती बोल रही है। जिसके कारण यहां ग्रामीण भय के साए में मुंह खोलने से डर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने वालों को माफियाओं की ओर से धमकियां मिलती हैं। गांव में दहशत का माहौल है। इससे पूर्व भी जब माफियाओं ने यहां कोयला खोदना आरंभ किया तो ग्रामीणों ने विरोध जताया, जिस पर उन्हें धमकियां मिली और वे खामोश हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस गति से उत्खनन हो रहा है और जिम्मेदार मौन हैं, उससे यह धारणा बन चुकी है कि माफियाओं को संरक्षण प्राप्त है। यह साठगांठ के बिना संभव नहीं।

**नीतियों की उड़ रही धज्जियां**

अनूपपुर जिले में खनिज संपदा की लूट प्रशासन की नीयत पर सवाल खड़े कर रही है। पिपरिया ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों में अवैध कोयला और रेत उत्खनन की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है।

**इनका कहना है**

पुलिस को जो जानकारी है उसमें अभी तक कोयला उत्खनन नहीं हो रहा है, अगर जानकारी मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

**विकास सिंह,**
**थाना प्रभारी बिजुरी।**

